By Email

पत्रांक–म०भो० / को०–09 / 2013 2243(A) /

**बिहार सरकार**

**शिक्षा विभाग**

बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति

प्रेषक,

निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला मध्याह्न भोजन योजना प्रभारी पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक : 11/9/13

विषयः NIT सं0–04 दिनांक : 21.08.2013 के आलोक में आपूर्ति की जानेवाली स्टील प्लेट एवं गिलास की Quality के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि NIT संख्या–04 दिनांक 21.08.2013 में स्पष्ट रूप से अंकित है कि स्टील प्लेट एवं गिलास का उपयोग मध्याह्न भोजन के वितरण हेतु विद्यालय स्तर पर किया जाएगा।

अतः इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि स्टील प्लेट एवं स्टील गिलास की आपूर्ति हेतु कार्यादेश आदेश में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए कि आपूर्ति किये गये स्टील प्लेट एवं स्टील गिलास भोजन वितरण के लिए उपयुक्त हों। आपूर्तिकर्त्ता आपूर्ति किये गये स्टील प्लेट एवं गिलास की क्वालिटी की प्रमाणिकता के संबंध में मानक संस्थान द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करेगें। इसके अलावे आपूर्तिकर्त्ता को भुगतान से पूर्व आपूर्ति किये गये स्टील प्लेट एवं गिलास की संख्या एवं वजन का सत्यापन कर लिया जाए एवं मानक संस्थान द्वारा निर्गत क्वालिटी प्रमाण पत्र उनसे निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जाए। उललेखनीय है कि आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति किए जानेवाले स्टील प्लेट एवं गिलास की क्वालिटी की रैन्डम्ली जाँच की जाएगी।

सुलभ प्रसंग हेतु बर्त्तनों के लिए स्टेन्लेस स्टील सीट (sheets) की भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित विशिष्टियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

अनुलग्नकः यथोक्त।

10.9.

**(आर० लक्ष्मणन)**
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।